दिन–गुरुवार

दिनांक– 17 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. सीवान, सारण और गोपालगंज जिले के विभिन्न गांवों में जहरीली शराब पीने से अब तक सैंतीस लोगों की हुयी मौत। पचास लोगों की स्थिति गंभीर। बारह लोगों के आंखों की रोशनी गयी।

02. राज्य सरकार ने पच्चीस लोगों के मौत की पुष्टि की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहरीली शराब कांड की उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया से युद्ध में नहीं बल्कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में समाधान ढूंढने और शांति का मार्ग प्रशस्त करने की अपील की।

04. और, केन्द्र सरकार ने रेलगाड़ियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन करने का किया फैसला।

---

सीवान, सारण और गोपलागंज जिले के अठारह गांवों में जहरीली शराब पीने से अबतक एक महिला समेत सैंतीस लोगों की मौत हो चुकी है। सीवान में छब्बीस और सारण में दस लोगों के अलावा गोपलागंज में एक व्यक्ति की जहरीली शराब पीने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। पचास लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुयी है, जबकि बारह लोगों की आंखों की रोशनी चली गयी है। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने पच्चीस लोगों की मौत की पुष्टि की है। आबकारी मंत्री रत्नेश सादा ने बताया कि सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बीस और सारण जिले के मशरख में पांच लोगों की मौत हुयी है। श्री सादा ने बताया कि मामले की जांच के लिए दोनों जिलों में डबल एसआईटी का गठन किया गया है।

–––बाइट–––

आबकारी मंत्री ने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उनके निकट आश्रितों को कानून के तहत मुआवजा दिया जायेगा।

–––बाइट–––

पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा कि जहरीली शराब कांड की जांच के अधिकारियों की टीम प्रभावित इलाकों में भेजा गया है।

----बाईट---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहरीली शराब कांड को गंभीरता से लेते हुए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने ने इस कांड की व्यापक जांच और अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं।

---------------------------------

जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि जहरीली शराब कांड के जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---बाईट---

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने बिहार में शराबबंदी को और सख्ती से लागू करने की मांग की है।

---बाईट---

वहीं, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि शराबंदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। यदि प्रशासन सतर्क रहता, तो ऐसी घटना नहीं होती।

---बाईट---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस की ओर से पांच सदस्यीय टीम प्रभावित इलाकों में भेजी जा रही है।

---बाईट---

---------------------------------

सारण जिले में जहरीली शराब कांड मामले में सैंतीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छपरा के मशरख थाना के इब्राहीमपुर गांव के चौकीदार महेश राय और एएसआई रामनाथ झा को निलंबित कर दिया गया है। सीवान के भगवानपुर हाट थाना के थानाध्यक्ष रामाशंकर शाह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं, कौड़िया के दो चौकीदार को निलंबित किया गया है। महाराजगंज के उत्पाद थाना की थानाध्यक्ष पवित्रा कुमारी और एक एएसआई भी जांच के घेरे में हैं।

---------------------------------

प्रभावित गांव के स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब कांड के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

———वॉक्सपॉप———

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने रेलगाडियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन करने का फैसला किया है। नया नियम एक नवम्बर दो हजार चौबीस से लागू होगा, हालांकि, इस महीने की इकतीस तारीख तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि विदेशी पर्यटकों के लिए तीन सौ पैंसठ दिन की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाषा, साहित्य, कला और आध्यातमिकता जैसे सांस्कृतिक स्तंभ किसी भी देश की पहचान बनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज जब देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, उसकी जड़ें आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वाभिमान से गहरी जुड़ी हुई हैं। आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का उल्लेख किया। श्री मोदी ने विश्व से अपील की कि समस्याओं का समाधान युद्ध में ढूंढने की बजाय भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में ढूंढे जो शांति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। श्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षा से प्रेरणा लेकर देश के विकास में सकारात्मक परिवर्तन होंगे।

———बाईट———

मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आह्वान करता हूं। बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए, शांति का पथ प्रशस्त करिए, क्योंकि, बुद्ध कहते हैं– "नत्थि–संति–परम–सुखं"। अर्थात, शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है।

पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के सरकार के निर्णय पर श्री मोदी ने कहा कि भाषाएं केवल वार्तालाप का माध्यम नहीं है बल्कि सभ्यता और संस्कृति की आत्मा भी हैं।

———बाईट———

इस वर्ष अभिधम्म दिवस के आयोजन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी जुड़ी है। भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएँ जिस पाली भाषा में ये विरासत विश्व को मिली हैं, इसी महीने भारत सरकार ने उसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का ये दर्जा, पाली भाषा का ये सम्मान भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि धम्म संपूर्ण मानव जाति के लिए शांति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि अभिधम्म दिवस हमें संदेश देता है कि दुनिया को बेहतर बनाने के लिए करुणा और सद्भावना मूल मंत्र है।

——————————————————————

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरूगन ने कहा है कि लोगों तक सही सूचना और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रसारण करना प्रसारकों की एक बड़ी जिम्मेदारी है। डॉ. मुरूगन ने आज नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस में प्रसारण क्षेत्र में उभरते साधनों और प्रौद्योगिकियों पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने भविष्य के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के महत्व और प्रसारण की परिवर्तनकारी शक्ति का उल्लेख किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

श्री मुरूगन ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने हाल ही में 234 शहरों में 730 नये प्राइवेट रेडियो चौनल स्थापित करने को मंजूरी दी है। डॉक्टर मुरूगन ने सभी के लिए उच्च गुणवत्ता की मीडिया सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करने तथा आर्थिक विकास में प्रसारण क्षेत्र की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के प्रयोग की सरकार की वचनबद्धता की पुष्टि की। इस अवसर पर सूचना तथा प्रसारण सचिव संजय जाजू ने प्रसारण क्षेत्र में नियामक नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका और उभरती प्रौद्योगिकियों से आगे रहने के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने प्रसार भारती की डायरेक्ट टू मोबाइल–डीटूएम प्रसारण पहल का भी उल्लेख किया। यह पहल लाइव टीवी की सामग्री को बिना इंटरनेट कनैक्शन के मोबाइल उपकरण पर प्रसारण योग्य बनाएगी। श्री जाजू ने सस्ते जनसंचार उपकरण के रूप में डिजिटल रेडियो की संभावना का उल्लेख किया। यह उपकरण बेहतर ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करने तथा स्पैक्ट्रम के अधिकतम प्रयोग को बढावा देगा। अनुपम मिश्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अनुपम मिश्र।

——————————————————————

राज्य के जिन अंचलों में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के मामले सबसे अधिक लंबित हैं वहां राजस्व पदाधिकारी की तैनाती की जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में दिशा–निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को तीन महीने के अन्दर सभी ऑनलाईन सेवाओं में लंबित मामलों को शून्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में पटना सदर अंचल को चार भागों में बांटने का भी निर्णय लिया गया।

——————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ छियालीस नये मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें चौंसठ मरीज पटना से हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी पांच नये मामलों की पुष्टि हुई है।

——————————————————————

देशभर में आज वाल्मीकि जयंती मनाई जा रही है। इसे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि आदिकवि अथवा संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के रूप में भी सम्मानित हैं। वाल्मीकि सम्प्रदाय के सदस्य महर्षि वाल्मीकि को ईश्वर का संदेशवाहक मानते हैं और उनके प्रकट दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश में शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण के अरेराज प्रखंड स्थित जितवारपुर गांव में पिछले तीन दिनों से डेरा जमाए मगरमच्छ को बेतिया से आए पांच सदस्यीय वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। गौरतलब है कि तेरह अक्टूबर की रात्रि एक मगरमच्छ गांव में प्रवेश कर गया था।

———————————————————————

खगड़िया के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– इकतीस पर बाईक सवार तीन तस्करों को पुलिस ने आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है। मौके से दो देशी पिस्तौल, दो मैग्जीन, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाईल और बाईक बरामद किया गया। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. सीवान, सारण और गोपालगंज जिले के विभिन्न गांवों जहरीली शराब पीने से अब तक सैंतीस लोगों की हुयी मौत। पचास लोगों की स्थिति गंभीर। बारह लोगों के आंखों की रोशनी गयी।

02. राज्य सरकार ने पच्चीस लोगों के मौत की पुष्टि की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहरीली शराब कांड की उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया से युद्ध में नहीं बल्कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में समाधान ढूंढने और शांति का मार्ग प्रशस्त करने की अपील की।

04. और, केन्द्र सरकार ने रेलगाड़ियों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन करने का किया फैसला।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।